# सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0

7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ–226001

Phone No.: 0522-2630878, Fax: 0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in

पत्रांकः 772/सो.आ.नि.–322(1)/19
दिनाँकः 25 अक्टूबर, 2019

प्रेषक,

**निदेशक**
सोशल आडिट,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

**समस्त जिला विकास अधिकारी,**
(गाजियाबाद तथा गौतमबुद्धनगर को छोड़कर)
उत्तर प्रदेश।

विषयः **जिला/ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटरों की परफारमेन्स रिपोर्ट।**

महोदय,

जैसा कि आप विदित हैं कि जनपदों में संविदा के आधार पर नियत अवधि के लिए सेवाएं प्रदान कर रहे जिला/ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटरों की संविदा अवधि का विस्तार निदेशालय द्वारा प्रेषित परफारमेन्स रिपोर्ट के प्रारूप पर आप द्वारा प्रेषित उनकी परफारमेन्स रिपोर्ट का अध्ययन करते हुए गुण–दोष के आधार पर किया जाता है। पूर्व में प्रेषित परफारमेन्स रिपोर्ट में सोशल आडिट से सम्बन्धित कतिपय महत्वपूर्ण बिन्दुओं का समावेश नहीं हो पाया था, अतः उक्त का संज्ञान लेते हुए जिला/ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटरों की संविदा अवधि विस्तारीकरण हेतु परफारमेन्स रिपोर्ट का नवीन प्रारूप तैयार किया गया है, जिसमें उनके द्वारा सोशल आडिट के सम्बन्ध में किए जा रहे कार्यों का भी समावेश किया गया है, ताकि सोशल आडिट के कार्यों में उनकी क्या रूचि है, की भी जानकारी प्राप्त कर उनके नवीनीकरण पर विचार किया जा सके। इससे सोशल आडिट के कार्यों में प्रगति होनी सम्भव है।

2– उक्त के अतिरिक्त जनपदों में ब्लाक रिसोर्स परसन्स के गठित पैनल में इंगेज ब्लाक रिसोर्स परसन्स की परफारमेन्स रिपोर्ट का भी प्रारूप तैयार कर इस पत्र के साथ प्रेषित है ताकि दिनांक 31–03–2020 के पश्चात् इनकी परफारमेन्स रिपोर्ट का आंकलन करते हुए दिनांक 31–03–2021 तक की अवधि के सम्बन्ध में उचित निर्णय लिया जा सके।

Rks/desktop/gen.letters

अतः परफारमेन्स रिपोर्ट का नवीन प्रारूप संलग्न करते हुए अनुरोध है कि इसकी एक–एक प्रति सभी जिला/ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटर तथा ब्लाक रिसोर्स परसन्स को उपलब्ध करा दें ताकि वह इसे पढ़कर निदेशालय द्वारा अपेक्षित सोशल आडिट के कार्यों में पूर्ण रूचि से कार्य करें। साथ ही आपसे अनुरोध है कि कृपया भविष्य में इन्हीं प्रारूप पर जिला/ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटरों/ब्लाक रिसोर्स परसन्स की परफारमेन्स सुस्पष्ट अंकित करते हुए प्रेषित करने का कष्ट करें।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीया,

25/4/19

(कु0 रेखा गुप्ता)
निदेशक।

प्रतिलिपि :–

समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0 (गाजियाबाद तथा गौतमबुद्धनगर को छोड़कर) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(कु0 रेखा गुप्ता)
निदेशक।

Rks/desktop/gen.letters

## DSAC के आचरण एवं कार्य (Performance) रिपोर्ट का प्रारूप

DSAC का नाम–.................................. अवधि ................................

जनपद का नाम–..................................

| क्र0 सं0 | बिन्दु | | आख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | उत्तम | संतोषजनक | असंतोषजनक |
| 1. | आचरण एवं अनुशासन | | | | |
| 2. | BRP एवं टीम के सदस्यों के पैनल गठन में सहयोग | | | | |
| 3. | टीम के सदस्यों के प्रशिक्षण में प्रतिभाग | | | | |
| 4. | सोशल आडिट टीम एवं BSAC/BRP के साथ समन्वय | | | | |
| 5. | उच्चाधिकारियों द्वारा सौंपे गये सोशल आडिट से संबंधित दायित्वों तथा निर्देशों का पालन।<br>क. जनपद स्तर पर | | | | |
| | ख. निदेशालय स्तर पर | | | | |
| 6. | सोशल आडिट की जन–जागरूकता में योगदान | | | | |
| 7. | क. जनसामान्य के साथ व्यवहार | | | | |
| | ख. उच्चाधिकारियों के प्रति व्यवहार | | | | |
| 8. | सत्यनिष्ठा संबंधी उनकी सामान्य ख्याति | | | | |
| 9. | विभिन्न प्रकार की रिपोर्ट का समय से प्रेषण | जनपद स्तर पर | | | |
| | | मुख्यालय स्तर पर (निदेशालय से भरा जायेगा) | | | |
| 10. | क. प्राप्त सोशल आडिट प्रतिवेदनों का भारत सरकार के वेबसाइट पर MIS कराना | | 7 दिन | 15 दिन | 15 दिन के पश्चात् |
| | | | | | |
| | ख. निदेशालय की वेबसाइट पर MIS कराना | | 7 दिन | 15 दिन | 15 दिन के पश्चात् |
| | | | | | |
| 11. | निदेशालय पर सोशल आडिट सारांश का प्रेषण (सोशल आडिट समाप्ति के पश्चात्) | | 1 माह | 2 माह | 2 माह के पश्चात् |
| | | | | | |
| 12. | वर्ष में कुल सम्पन्न सोशल आडिट की संख्या ☐ | | | | |
| (क) | कितनी सोशल आडिट का निरीक्षण/प्रतिभाग किया गया। | | | | |
| (ख) | कुल सोशल आडिट के सापेक्ष कितनी का MIS हुआ | | | | |
| (ग) | कुल सोशल आडिट के सापेक्ष MIS का प्रतिशत | | | | |
| 13. | निदेशालय स्तर पर आंकलन | | | | |

(एम0 पी0 सिंह)
कन्सलटेन्ट

# BSAC के आचरण एवं कार्य (Performance) रिपोर्ट का प्रारूप

BSAC का नाम– .................................. अवधि ....................................................

विकास खण्ड–...................................... जनपद –............................................

| क्र0 सं0 | बिन्दु | आख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| | | उत्तम | संतोषजनक | असंतोषजनक |
| 1. | आचरण एवं अनुशासन | | | |
| 2. | सोशल आडिट टीम सदस्यों के साथ समन्वय | | | |
| 3. | उच्चाधिकारियों द्वारा सौंपे गये सोशल आडिट से संबंधित दायित्वों तथा निर्देशों का पालन। क. जनपद स्तर पर | | | |
| | ख. निदेशालय स्तर पर | | | |
| 4. | विभिन्न प्रकार की रिपोर्ट का जनपद पर समय से प्रेषण | | | |
| 5. | सोशल आडिट की जन–जागरूकता में योगदान | | | |
| 6. | क. जनसामान्य के साथ व्यवहार | | | |
| | ख. उच्चाधिकारियों के प्रति व्यवहार | | | |
| 7. | सत्यनिष्ठा संबंधी उनकी सामान्य ख्याति | | | |
| 8.क | संबंधित विकास खण्ड में कुल गठित होने वाली टीमों की संख्या ☐ | | | |
| ख | 'क' के सापेक्ष कुल गठित टीमों की संख्या ☐ | | | |
| 9.क | टीम में चयनित कुल सदस्यों की संख्या ☐ | | | |
| ख | 'क' के सापेक्ष प्रशिक्षण में प्रतिभागी सदस्यों की संख्या ☐ | | | |
| 10. | सोशल आडिट सम्पन्न होने के पश्चात् सोशल आडिट रिपोर्ट जमा करने की अवधि | 7 दिन | 15 दिन | 15 दिन के पश्चात् |
| 11. | विकास खण्ड में सोशल आडिट सम्पन्न होने के पश्चात् सोशल आडिट सारांश प्रेषण की अवधि (जनपद स्तर पर) | 1 माह | 2 माह | 2 माह के पश्चात् |
| 12. | वर्ष में कुल कितनी सोशल आडिट इनके द्वारा की गयीं – ☐<br>कुल कितनी कमियां पायी गयीं ☐ | | | |
| (क) | प्रक्रियात्मक ☐ | | | |
| (ख) | शिकायत ☐ | | | |
| (ग) | वित्तीय अनियमितता ☐ | | | |
| (घ) | वित्तीय विचलन ☐ | | | |
| 13. | निदेशालय स्तर पर आंकलन | | | |

(एम0 पी0 सिंह)
कन्सलटेन्ट

# BRP के आचरण एवं कार्य (Performance) रिपोर्ट का प्रारूप

BRP का नाम– ................................. अवधि ..................................................

जनपद –..............................................

| क्रम सं0 | बिन्दु | आख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| | | उत्तम | संतोषजनक | असंतोषजनक |
| 1 | सोशल आडिट टीम सदस्यों के साथ समन्वय | | | |
| 2 | उच्चाधिकारियों द्वारा सौंपे गये सोशल आडिट से संबंधित दायित्वों एवं निर्देशों का पालन।<br>क. जनपद स्तर पर | | | |
| | ख. निदेशालय स्तर पर | | | |
| 3 | सोशल आडिट की जागरूकता में योगदान | | | |
| 4 | जन–सामान्य एवं उच्चाधिकारियों के प्रति व्यवहार | | | |
| 5 | सत्यनिष्ठा संबंधी उनकी सामान्य ख्याति | | | |
| 6 | सोशल आडिट सम्पन्न होने के पश्चात् आडिट रिपोर्ट जमा करने की अवधि | 7 दिन | 15 दिन | 15 दिन के पश्चात् |
| | | | | |
| 7 | सोशल आडिट सम्पन्न होने के पश्चात् सोशल आडिट सारांश प्रेषण की अवधि जनपद स्तर पर | 1 माह | 2 माह | 2 माह के पश्चात् |
| | | | | |
| 8 | वर्ष में कुल कितनी सोशल आडिट की गयी संख्या–<br>उसमें कुल पायी गयी कमियों की संख्या–<br>(1) प्रक्रियात्मक –<br>(2) शिकायत –<br>(3) वित्तीय अनियमितता –<br>(4) वित्तीय विचलन – | | | |
| 9 | निदेशालय स्तर पर आंकलन | | | |

(एम0 पी0 सिंह)
कन्सलटेन्ट